
संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार अवन्तिका -- पृष्ठ 04 दिनांक 01/03/2021

# 136 करोड़ के सिवरेज प्रोजेक्ट में 256 कि.मी. पाईप लाईन डली

**दैनिक अवंतिका ● रतलाम**

दिलीप नगर,अर्जुन नगर, अशोक नगर जैसे शहर के कई इलाकों में गंदगी और बदबू से भरी रहने वाली नालियां अब सूख चुकी है। इन नालियों में अब गंदगी की जगह सीवरेज प्रोजेक्ट की पाइप लाइन है और घरों से निकलने वाली सारी गंदगी इन पाईपों के जरिये आगे पंहुच रही है। हांलाकि इन पाइप लाइनों को आगे जाकर नालों में ही छोडा जा रहा है, लेकिन जल्दी ही इन सभी पाइप लाइनों को एसटीपी प्लान्ट्स से जोड दिया जाएगा।

शहर में शुरू हुए सीवरेज प्रोजेक्ट का शुरूआती असर अब नजर आने लगा है। शहर के महावीर नगर,नयागांव,इन्द्रलोक नगर, बीरीयाखेडी,विनोबा नगर, दिलीप नगर सिलावटों का वास, हिम्मत नगर और ओसवाल नगर जैसे इलाकों के तमाम घरों को सीवरेज लाइन से जोडा जा चुका है। शहर में कुल 43273 घरों में से सौलह हजार से अधिक घरों को अब तक सीवरेज प्रोजेक्ट से जोड दिया गया है। इन सभी इलाकों में रहने वाले नागरिकों को अब नालियों की गंदगी और बदबू से



छुटकारा मिल गया है। नालियां जाम होने जैसी समस्याएं तो खत्म हुई ही है,नालियों में गंदगी समाप्त होने से अब मच्छर आदि की समस्या भी समाप्त हो गई है।

सीवरेज प्रोजेक्ट व्यवस्थित ढंग से पूरा हो जाने के बाद शहर की नालियों और बडे नालों में गंदा पानी और गंदगी बहना पूरी तरह से खत्म हो जाएगा और नालियों व नालों में सिर्फ बरसात का पानी बहेगा। नालियों और नालों की साफ सफाई भी बीतें दिनों की बातें हो जाएगी।

रतलाम अमृत योजना के तहत प्रारंभ किए गए सीवरेज प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक में मानिटरिंग एजेंसी वेपकोस के अधिकारियों ने बताया कि 136.67 करोड लागत के सीवरेज प्रोजेक्ट में अब तक करीब 87 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है। शहर में डलने वाली कुल 273 किमी पाइप लाइन में से 256किमी लाइन डाली जा चुकी है। इसी तरह घरों को जोडने वाली कुल 216 किमी लाइन में से 213 किमी लाइन डाली जा चुकी है। शहर में दो एसटीपी प्लान्ट और पांच पम्पिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे है। इनमें से करमदी में 21 एमएलडी और खेतलपुर में 16 एमएलडी क्षमता का एसटीपी प्लान्ट होगा। एसटीपी प्लान्ट का भी 82 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

समीक्षा बैठक में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने निर्देश दिए कि सीवरेज प्रोजेक्ट का काम 30 जून तक पूरा कर लिया जाना चाहिए। सीवरेज प्रोजेक्ट के काम में लगी वेपकोस कंपनी के इंजीनियरों ने बताया कि 30 जून की समयावधि में सीवरेज प्रोजेक्ट को प्रारंभ कर दिया जाएगा। अवन्तिका-1

# अधिकारी जन हितेषी कार्यों को संवेदनशीलता के साथ करें : डामोर

## दिशा समिति की बैठक संपन्न



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

जिले के सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता के साथ शासन की मंशा अनुसार करें, जन हितेषी कार्यों को संवेदनशीलता के साथ करें। यह निर्देश सांसद गुमान सिंह डामोर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न जिला विकास समन्वय अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक में दिए।

बैठक में विधायक रतलाम शहर चैतन्य काश्यप, विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, राजेंद्र सिंह लुनेरा, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, पूर्व विधायक श्रीमती संगीता चारेल, समिति के अन्य जनप्रतिनिधि, सदस्यगण, कलेक्टर गोपालचंद्र डाँड, सीईओ जिला पंचायत संदीप केरकेट्टा, एसडीएम एमएल आर्य, अभिषेक गहलोत, जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सांसद श्री डामोर और विधायक जावरा डॉक्टर पांडे, विधायक चेतन्य काश्यप, ग्रामीण विधायक श्री मकवाना द्वारा जावरा के कालूखेड़ा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र की कार्य प्रणाली पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा गया कि कृषि विज्ञान केंद्र की गतिविधियों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को नहीं दी जा रही है। सांसद द्वारा कलेक्टर को निर्देशित किया गया कि कृषि विज्ञान केंद्र के बारे में एक विशेष रिपोर्ट जांच करके उपलब्ध कराएं।

बैठक में सांसद तथा विधायक गणों द्वारा प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि में सूचीबद्ध किसानों की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया गया कि कोई भी किसान सम्मान निधि के लाभ से वंचित नहीं रहे। कलेक्टर ने कहा कि जिन स्थानों पर किसान सम्मान निधि से वंचित हैं, वहां की जांच करवाकर पात्रों को लाभ दिलवाना सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि पी एम, सी एम सम्मान निधि योजनाओं में जिला प्रदेश में बहुत अच्छी स्थिति में है।

सांसद श्री डामोर द्वारा जनप्रतिनिधियों के ध्यान आकर्षण पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया गया कि ग्राम कलोरी एवं घटवास में पेयजल समस्या निराकरण के लिए शीघ्र प्राक्कलन तैयार करें, इसके साथ ही ग्राम पलसोड़ा में मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप पेयजल समस्या निराकरण के लिए की जा रही कार्यवाई से भी अवगत हुए। स्वच्छ भारत मिशन में साढ़े 3 लाख रुपए की लागत से ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए सार्वजनिक शौचालयों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के लिए जिला पंचायत के अधिकारी को निर्देश दिए।

इसके साथ ही वाटर शेड कार्यों की समीक्षा के दौरान प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि वाटर शेड के पुराने काम इतने लंबे समय से चल रहे हैं, अब तक पूर्ण क्यों नहीं हो पा रहे हैं।

सामाजिक न्याय विभाग को निर्देशित किया गया कि आगामी 20 मार्च तक जिले में मेगा कैंप लगाए जाए जिसमें दिव्यांगजनों के लिए ट्राईसाईकिल, मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल अन्य अंग उपकरणों को उपलब्ध कराने की कार्यवाई की जाएगी। बी एस एन एल जिला प्रबंधक को निर्देश दिए गए कि ग्रामीण क्षेत्रों में बी एस एन एल कनेक्टिविटी में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाए। इस संबंध में प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि निर्माण विभागों द्वारा की जाने वाली खुदाई के कारण केबल कट जाने से दिक्कत आती है, इस पर सांसद द्वारा सभी निर्माण विभागों के साथ कलेक्टर को एक बैठक आयोजित कराने के निर्देश दिए गए, जो आगामी समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक के पश्चात आयोजित की जाएगी, जिसमें समस्या का समाधान निकाला जाएगा।

रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में चोरी की वारदातों पर चर्चा करते हुए सांसद श्री डामोर द्वारा एस डी ओ पी मानसिंह को निर्देशित किया गया कि वह चोरों को पकड़ने के लिए तत्परता से कार्यवाई करें। विगत 1 वर्षों में रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में चोरियों की संख्या तथा पकड़े गए अपराधियों की जानकारी उपलब्ध कराएं।

बैठक में लोक निर्माण विभाग तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की योजनाओं की समीक्षा भी सांसद द्वारा की गई। इस दौरान सांसद ने कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि रतलाम–बाजना मार्ग पर साढ़े 5 किलोमीटर लंबाई में छूटे हुए कार्य के लिए आगामी 15 दिवस में टेंडर कार्यवाई की जाए, ताकि मार्ग शीघ्र निर्मित होते हुए जन समस्या का निराकरण हो जाएं।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण के निर्देश कार्यपालन यंत्री सिंह तोमर को दिए गए। विधायक चेतन कश्यप ने निर्देशित किया कि समस्त पी एम जी एस वाई सड़कों की साइडों की भराई सुनिश्चित की जाए, ताकि दुर्घटनाएं नहीं हो, इस संबंध में एक रिपोर्ट पेश की जाए। पी एम जी एस वाई सड़कों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आने वाले 6 मार्च को जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यपालन यंत्री को साथ रख निरीक्षण किए जाएंगे, तकनीकी जानकारी हासिल की जाएगी।

विधायक दिलीप मकवाना ने पी एम जी एस वाई सड़कों के निर्माण के संबंध में सालाखेड़ी, भाटपचलाना सड़क तथा विधायक डॉक्टर पांडे ने खेड़ा रोला सड़क के संबंध में कहा कि सड़कों में मोरम का यूज प्रॉपर किया जाए, गुणवत्ता सुनिश्चित करें।

समिति सदस्य इंद्रजीतसिंह सिसौदिया ने ग्राम ओंबा से नांदलेटा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के ऊपर हाई टेंशन लाइन का जिक्र करते हुए कहा कि हाई टेंशन लाइन से दुर्घटना का खतरा है, इस पर सांसद द्वारा विद्युत वितरण कंपनी को निर्देशित किया गया की हाईटेंशन लाइन की हाइट बढ़ाई जाए, ताकि दुर्घटना नहीं हो।

प्रसारण

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 09 ...दिनांक 01/03/2021

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक का हुआ आयोजन

# अधिकारी जन हितेषी कार्यों को संवेदन -शीलता के साथ करें: सांसद डामोर

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

जिले के सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता के साथ शासन की मंशा अनुसार करें, जन हितेषी कार्यों को संवेदनशीलता के साथ करें, यह निर्देश सांसद गुमान सिंह डामोर ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न जिला विकास समन्वय अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक में दिए। बैठक में विधायक रतलाम शहर चैतन्य काश्यप, विधायक जावरा डॉ.राजेंद्र पांडेय, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, राजेंद्र सिंह लुनेरा, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईड़ा, पूर्व विधायक श्रीमती संगीता चारेल, समिति के अन्य जनप्रतिनिधि, सदस्यगण, कलेक्टर गोपालचंद्र डाँड, सीईओ जिला पंचायत संदीप केरकेट्टा, एसडीएम एमएल आर्य, अभिषेक गहलोत, जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सांसद श्री डामोर और विधायक जावरा डॉक्टर पांडे, विधायक श्री चेतन्य काश्यप, ग्रामीण विधायक श्री मकवाना द्वारा जावरा के कालूखेड़ा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा गया कि कृषि विज्ञान केंद्र की गतिविधियों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को नहीं दी जा रही है। सांसद द्वारा कलेक्टर को निर्देशित किया गया कि कृषि विज्ञान केंद्र के बारे में एक विशेष रिपोर्ट जांच करके उपलब्ध कराएं।




बैठक में सांसद तथा विधायक गणों द्वारा प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि में सूचीबद्ध किसानों की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया गया कि कोई भी किसान सम्मान निधि के लाभ से वंचित नहीं रहे। कलेक्टर ने कहा कि जिन स्थानों पर किसान सम्मान निधि से वंचित है वहां की जांच करवाकर पात्रों को लाभ दिलवाना सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि पीएम सीएम सम्मान निधि योजनाओं में जिला प्रदेश में बहुत अ%छी स्थिति में है। सांसद श्री डामोर द्वारा जनप्रतिनिधियों के ध्यानआकर्षण पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया गया कि ग्राम कलोरी एवं घटवास में पेयजल समस्या निराकरण के लिए शीघ्र प्राक्कलन तैयार करें, इसके साथ ही ग्राम पलसोड़ा में मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप पेयजल समस्या निराकरण के लिए की जा रही कार्रवाई से भी अवगत हुए।

स्वच्छ भारत मिशन में साढे 3 लाख रुपए की लागत से ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए सार्वजनिक शौचालयों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के लिए जिला पंचायत के अधिकारी को निर्देश दिए। इसके साथ ही वाटर शेड कार्यों की समीक्षा के दौरान प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि वाटर शेड के पुराने काम इतने लंबे समय से चल रहे हैं अब तक पूर्ण क्यों नहीं हो पा रहे हैं। सामाजिक न्याय विभाग को निर्देशित किया गया कि आगामी 20 मार्च तक जिले में मेगा कैंप लगाए जाए जिसमें दिव्यांगजनों के लिए ट्राईसाईकिल मोटराइ%ड ट्राईसाईकिल अन्य अंग उपकरणों को उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाएगी। बीएसएनएल जिला प्रबंधक को निर्देश दिए गए कि ग्रामीण क्षेत्रों में बीएसएनएल कनेक्टिविटी में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाए। इस संबंध में प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि निर्माण विभागो द्वारा की जाने वाली खुदाई के कारण केबल कट जाने से दिक्कत आती है इस पर सांसद द्वारा सभी निर्माण विभागों के साथ कलेक्टर को एक बैठक आयोजित कराने के निर्देश दिए गए जो आगामी समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक के पश्चात आयोजित की जाएगी, जिसमें समस्या का समाधान निकाला जाएगा। रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में चोरी की वारदातों पर चर्चा करते हुए सांसद श्री डामोर द्वारा एसडीओपी मान सिंह को निर्देशित किया गया कि वह चोरों को पकड़ने के लिए तत्परता से कार्रवाई करें। विगत 1 वर्षो में रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में चोरियों की संख्या तथा पकड़े गए अपराधियों की जानकारी उपलब्ध कराएं।

बैठक में लोक निर्माण विभाग तथा प्रधानमंत्री ग्राम सडक की योजनाओं की समीक्षा भी सांसद द्वारा की गई। इस दौरान सांसद ने कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि रतलाम-बाजना मार्ग पर साढे 5 किलोमीटर लंबाई में छूटे हुए कार्य के लिए आगामी 15 दिवस में टेंडर कार्रवाई की जाए ताकि मार्ग शीघ्र निर्मित होते हुए जन समस्या का निराकरण हो जाएं।

प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना में गुणवत्ता के साथ सडक निर्माण के निर्देश कार्यपालन यंत्री सिंह तोमर को दिए गए। विधायक चेतन कश्यप ने निर्देशित किया कि समस्त पीएमजीएसवाई सडकों की साइडों की भराई सुनिश्चित की जाए ताकि दुर्घटनाएं नहीं हो, इस संबंध में एक रिपोर्ट पेश की जाए। पीएमजीएसवाई सडकों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आने वाले 6 मार्च को जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यपालन यंत्री को साथ रख निरीक्षण किए जाएंगे, तकनीकी जानकारी हासिल की जाएगी।

# कोविड 19 टीकाकरण का दूसरा चरण आज से

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

जिले में कोविड टीकाकरण अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोग तथा 45 से 59 वर्ष आयु के ऐसे लोग जिन लोगों को मोर्बीडीटी अर्थात हाई ब्लड प्रेशर शुगर जैसी बीमारी हो का टीकाकरण सोमवार से प्रारंभ कर दिया जाएगा ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि जिले के बाल चिकित्सालय रतलाम मेडिकल कॉलेज रतलाम सिविल अस्पताल आलोट और सिविल अस्पताल जावरा को टीकाकरण केन्द्र के रुप में चिन्हित किया गया है । टीकाकरण कराने के लिए हितग्राहियों को कोविन 2.0 पोर्टल पर ऑनलाइन बुकिंग कराना होगी। ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा सोमवार 1 मार्च को प्रात: 9 बजे से प्रारंभ कर दी जाएगी। जो हितग्राही सीधे टीकाकरण केन्द्र पर आकर बुकिंग कराकर टीका लगवाना चाहें उनके लिए ऑन स्पाट ऑनलाइन बुकिंग कराकर टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए हितग्राही को अपना फोटो परिचय पत्र जिसमें जन्म तारीख का उल्लेख हो प्रस्तुत करना आवश्यक रहेगा । ऑन स्पाट बुकिंग के लिए टीकाकरण स्थल पर ऑपरेटर की ड्यूटी लगाई गई है। आन स्पाट और आनलाइन बुकिंग सुविधा साथ साथ चलेगी। उल्लेखनीय है कि 45 से 60 वर्ष आयु के कोमोर्बीडीटी अर्थात बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों के लिए निर्धारित प्रारूप में चिकित्सकीय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य रहेगा। इस प्रमाण पत्र पर वही चिकित्सक जारी करेंगे जिनका एमसीआई अर्थात मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया में पंजीयन हो। प्रमाण पत्र का प्रारूप cowin 2.0 पोर्टल पर उपलब्ध है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील ने बताया कि फ्रंटलाइन वर्कर जिन्होंने अब तक पहला टीका नहीं लगवाया हो वे भी सीधे आकर टीका लगवा सकते हैं । बाल चिकित्सालय रतलाम एवं मेडिकल कॉलेज में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे के मध्य अधिकतम 500 लोगों को टीका लगाने की व्यवस्था की गई है। स्वदेश-1

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण–पृष्ठ 06 दिनांक 01/03/2021

# अनुपस्थित 45 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा, कारण बताओ सूचना-पत्र जारी

रतलाम। निगम के चारो झोन के वार्डो की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान झोन क्रमांक 1 में 13 झोन क्रमांक 2 में 20, झोन क्रमांक 3 में 3 व झोन क्रमांक 4 में 9 कर्मचारी इस तरह कुल 45 कर्मचारी 27 फरवरी को अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थायी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान झोन क्रमांक 1 में निर्मलाबाई–बाबूलाल, मनीष–मुकेश, विष्णुबाई–मुकेश, मीनाबाई मनोज वार्ड क्रमांक 1, रामकन्याबाई–अर्जुन, सुनील–सोहनलाल वार्ड क्रमांक 3, मुकेश–लालाराम, रितु–राहुल, वार्ड क्रमांक 5, सतीश–राजेन्द्र वार्ड क्रमांक 8, इन्दर–मोहन, हरिओम–मनोहर वार्ड क्रमांक 9, श्रवण–दिलीप वार्ड क्रमांक 11, राकेश–अशोक वार्ड क्रमांक 13, झोन क्रमांक 2 में मनोरमा–जगदीश, मीना–मोहन, रानी–धीरज, शकुन्तला–कचरू, गजराबाई–कालु, सत्री–जगदीश वार्ड क्रमांक 27, सुगनाबाई–शंकर, निर्मलाबाई–पंकज, वरण–बाबूलाल वार्ड क्रमांक 31, जितेन्द्र–बाबू, जितेन्द्र–जीवन, रानीबाई–ब्रजेश, राजश्री–दिनेश, भाग्याबाई–बंशीलाल, महेन्द्र–नेहरू वार्ड क्रमांक 33 दीपक–अजी, प्रदीप–रामप्रसाद, रेखाबाई–ओमप्रकाश वार्ड क्रमांक 36, शीलाबाई–ओमप्रकाश, अनिता–दीपक वार्ड क्रमांक 38, झोन क्रमांक 3 में अजय–बाबूलाल वार्ड क्रमांक 16, प्रशांत–महेश वार्ड क्रमांक 22, सुनील–ईश्वर वार्ड क्रमांक 46 व झोन क्रमांक 4 में सुनील–रामचन्द्र वार्ड क्रमांक 20, आनन्द–भागीरथ, कैलाश–जगराम वार्ड क्रमांक 21, धरसी–राजू वार्ड क्रमांक 24, भूपेश–बाबूलाल, राधेश्याम–रामदयाल, जुमिलाबाई–शिव वार्ड क्रमांक 25, कांतिलाल–छोटू व इन्द्राबाई–कांतिलाल वार्ड क्रमांक 26 द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थायी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थायी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। प्रसारण–1

# 11 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन कर 9 किलो पॉलीथीन जब्त

रतलाम। शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम में सब्जी, फल-फ्रूट व अन्य सामग्री के फुटकर व्यवसायी अगर 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग करते हैं तो उन पर 50 रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जाएगी।

इसी तरह दुकानदारो द्वारा 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग व भण्डारण करता है तो उस पर 5000/- रूपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा ऐसे दुकानदार व सब्जी विक्रेता जो कि गंदगी कर रहे थे व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग कर रहे थे उन पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के तहत अरूण पर 500, महावीर व खोजापा भाई पर 250-250, आशीश, रवि, राधेश्याम, लक्ष्मी किराना, प्रकाश, अली असगर व एक अन्य पर 100 व राधाबाई पर 50 रूपये का जुर्माना कर भविश्य में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग ना करने की समझाईश दी गई व लगभग 9 किलो पॉलीथीन जब्त की गई। प्रसारण–1

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै.भास्कर पृष्ठ 02 दिनांक 01/03/2021

# डोंगरा नगर में 21.37 लाख रुपए से निर्मित कम्युनिटी हॉल का लोकार्पण



रतलाम | डोंगरानगर में 21.37 लाख की लागत से निर्मित कम्युनिटी हॉल का रविवार को लोकार्पण हुआ। सांसद गुमानसिंह डामोर ने कहा रतलाम में महानगर की तर्ज पर कार्य किए जा रहे हैं। लेकिन महानगर बनते इस शहर में रहने वालों के भी अपने कर्तव्य और फर्ज है। यहां के हर नागरिक को विकास कार्यों के साथ ही स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए। विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि शहर के कई इलाकों में निर्मित किए गए मांगलिक भवनों के कारण आमजन को काफी सहूलियत हुई है। इस मौके पर संतोष मालपानी, प्रफुल्ल पंवार, विजय, सुरेश पुरोहित, राजेन्द्र सिंह, मयूर पुरोहित, बाबूलाल, हितेश जैन आदि ने किया। संचालन मनोज शर्मा ने किया। आभार मयूर पुरोहित ने माना।

भास्कर-1

# निगमायुक्त ने त्रिपोलिया गेट दीनदयाल रसोई केन्द्र व डोंगरे नगर कम्यूनिटी हॉल का निरीक्षण

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने डोंगरे नगर स्थित नवनिर्मित कम्यूनिटी हॉल व त्रिपोलिया गेट स्थित दीनदयाल रसोई केन्द्र का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। त्रिपोलिया गेट स्थित दीनदयाल रसोई केन्द्र के निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि रसोई केन्द्र में भोजन करने आने वाले जरूरतमंद, गरीब व निर्धन व्यक्तियों किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये साथ ही रसोई केन्द्र का पेश कार्य पूर्ण करने के साथ ही साफ-सफाई रखी जाये। इसके अलावा डोंगरे नगर स्थित नवनिर्मित कम्यूनिटी हॉल के निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि कम्यूनिटी हॉल का लोकार्पण किया जाना हैं इस हेतु कम्यूनिटी हॉल व परिसर की पर्याप्त सफाई का कार्य किया जाये। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री दीक्षा निजामपुरकर आदि उपस्थित थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार प्रसारण --पृष्ठ 05...दिनांक 01/03/2021

# सीवरेज प्रोजेक्ट का असर, शहर के कई ईलाकों की नालियां सूखी

## गन्दगी और बदबू से मिली निजात



प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

दिलीप नगर, अर्जुन नगर, अशोक नगर जैसे शहर के कई इलाकों में गंदगी और बदबू से भरी रहने वाली नालियां अब सूख चुकी है। इन नालियों में अब गंदगी की जगह सीवरेज प्रोजेक्ट की पाइप लाइन है और घरों से निकलने वाली सारी गंदगी इन पाईपों के जरिये आगे पंहुच रही है। हालांकि इन पाइप लाइनों को आगे जाकर नालों में ही छोड़ा जा रहा है, लेकिन जल्दी ही इन सभी पाइप लाइनों को एसटीपी प्लान्ट्स से जोड़ दिया जाएगा।

शहर में शुरू हुए सीवरेज प्रोजेक्ट का शुरूआती असर अब नजर आने लगा है। शहर के महावीर नगर, नयागांव, इन्द्रलोक नगर, विरियाखेड़ी, जिनेश्वर नगर, दिलीप नगर, सिलावटों का वास, हिम्मत नगर और ओसवाल नगर जैसे इलाकों के तमाम घरों को सीवरेज लाइन से जोड़ा जा चुका है। शहर में कुल 43273 घरों में से सौलह हजार से अधिक घरों को अब तक सीवरेज प्रोजेक्ट से जोड़ दिया गया है। इन सभी इलाकों में रहने वाले नागरिकों को अब नालियों की गंदगी और बदबू से छुटकारा मिल गया है। नालियां जाम होने जैसी समस्याएं तो खत्म हुई ही है, नालियों में गंदगी समाप्त होने से अब मच्छर आदि की समस्या भी समाप्त हो गई है।

सीवरेज प्रोजेक्ट व्यवस्थित ढंग से पूरा हो जाने के बाद शहर की नालियों और बड़े नालों में गंदा पानी और गंदगी बहना पूरी तरह से खत्म हो जाएगा और नालियों व नालों में सिर्फ बरसात का पानी बहेगा। नालियां और नालों की साफ-सफाई भी बीते दिनों की बातें हो जाएगी।

रतलाम अमृत योजना के तहत प्रारंभ किए गए सीवरेज प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक में मॉनिटरिंग एजेंसी वेपकोस के अधिकारियों ने बताया कि 136.67 करोड़ लागत के सीवरेज प्रोजेक्ट में अब तक करीब 87 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है। शहर में डलने वाली कुल 273 किमी पाइप लाइन में से 256 किमी लाइन डाली जा चुकी है। इसी तरह घरों को जोड़ने वाली कुल 216 किमी लाइन में से 213 किमी लाइन डाली जा चुकी है। शहर में दो एस टी पी प्लान्ट और पांच पम्पिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे है। इनमें से करमदी में 21 एम एल डी और खेतलपुर में 16 एम एल डी क्षमता का एस टी पी प्लान्ट होगा। एस टी पी प्लान्ट का भी 82 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। समीक्षा बैठक में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने निर्देश दिए कि सीवरेज प्रोजेक्ट का काम 30 जून तक पूरा कर लिया जाना चाहिए।

सीवरेज प्रोजेक्ट के काम में लगी वेपकोस कंपनी के इंजीनियरों ने बताया कि 30 जून की समयावधि में सीवरेज प्रोजेक्ट को प्रारंभ कर दिया जाएगा। प्रसारण-1

# आजीविका मार्ट का शुभारंभ किया





## स्वयं सहायता समूह द्वारा ही किया जाएगा संचालन

रतलाम(आरएनएन)। जिले के स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया आजीविका रूरल मार्ट का शुभारंभ जिला पंचायत में किया गया। इसका संचालन भी स्वयं सहायता समूह द्वारा ही किया जाएगा। रविवार को जिला पंचायत परिसर में आजीविका मार्ट का शुभारंभ सांसद गुमानसिंह डामोर की उपस्थिति में हुआ। सांसद के साथ विधायक चैतन्य काश्यप, जावरा विधायक राजेन्द्र पांडेय, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द सिंह लुनेरा, प्रमेश मईडा, पूर्व सैलाना विधायक श्रीमती संगीता चारेल, कलेक्टर गोपालचंद्र डांड, सीईओ संदीप केरकेटटा आदि उपस्थित थे। इसके बाद सांसद ने नशा मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ जिले में घूम कर नशे के विरुद्ध प्रचार-प्रसार करेगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ 08 दिनांक 01/03 2021

## शहर की धरोहर की अनदेखी: त्रिवेणी कुंड के सौंदर्यीकरण के बाद अब यह है हाल, देख-रेख नहीं होने से छोटा गंगा कुंड सहित 4 कुंड में जमी काई



रतलाम | नगर निगम ने त्रिवेणी कुंड का सौंदर्यीकरण एक साल पहले ही किया है। यहां स्थित छोटा गंगा कुंड सहित 4 कुंड को नया स्वरूप दिया है। जीर्णोद्धार के बाद रोजाना सफाई नहीं होने से कुंड में काई जम गई है और कुंड में फिसलन हो रही है। इससे कोई भी तैरने नहीं आ रहा है। कुंड की सफाई नहीं होने से अंतिम संस्कार करने आने वाले लोगों को भी दिक्कत आ रही है। निगम के स्वच्छता अभियान के बाद भी ये हाल कुंड के हैं। फोटो-मिंटू मेहता

भास्कर - 1

# अब दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी होंगे नियमित

पत्रिका सोशल वैल्यू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. लंबे समय से नगरीय निकाय में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रुप में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए खुश खबर है। इन कर्मचारियों को अब नियमित करने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। सरकारी आदेश जारी हो गए है। जिले में करीब तीन हजार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का नियमितिकरण किया जाएगा।

लंबे समय से नगर निगम व अन्य निकाय जिसमे पालिका व परिषद शामिल है में काम करने वाले वे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी जो लंबे समय से काम तो कर रहे है, लेकिन नियमित नही किया गया है वे शासन से मांग कर रहे थे कि उनके बारे में सरकारी जल्दी निर्णय ले। इसके लिए कुछ समय पूर्व कुछ कर्मचारी कोर्ट में गए थे व जीतकर आने के बाद उनको नियमितिकरण में शामिल किया गया था। अब सरकार ने अब तक जो शेष कर्मचारी रहे है उन सभी को नियमित करने की दिशा में काम की शुरुआत कर दी है।

## जिले में बनेगी इसके लिए समिति

नगरीय प्रशासन व विकास विभाग के संयुक्त संभागीय संचालक इस संबंध में 25 फरवरी को आदेश जारी किए है। इसके अंतर्गत वे कर्मचारी जो चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पड़े पद को भरने के लिए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा। इस पद पर दैनिक वेतन भोगी को प्राथमिकता के आधार पर नियुक्ति दी जाएगी। इसके लिए स्थायी कर्मियों को सेवा के अधिक अवसर देने के लिए समिति का गठन किया जाएगा। इसके लिए समिति द्वारा प्रस्ताव बनाकर कलेक्टर व परियोजना अधिकारी को भेजा जाएगा।

## तीन हजार को होगा सीधे लाभ

जिले में करीब तीन हजार कर्मचारियों को शासन के इस निर्णय से सीधे लाभ होगा। अकेले नगरनिगम में ही 1500 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी अलग-अलग रुप में काम करते है। इनके अलावा जावरा नगर पालिका सहित जिले की शेष परिषद में भी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को अब चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रिक्त पद पर नियुक्त किया जा सकेगा। इससे जिले में करीब तीन हजार कर्मचारियों के लिए पक्की नौकरी के रास्ते खुलेंगे।

नगर निगम में चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पद की जानकारी बनाने को कहा गया है। इसके बाद प्रस्ताव बनाकर भेजे जाएंगे। इसके बाद दिए गए निर्देश अनुसार नियमितिकरण किया जाएगा।
**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका (–)

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ 12 दिनांक 01/03/2021

## महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की बिक्री के लिए शुरू हुआ आजीविका मार्ट

भास्कर संवाददाता | रतलाम

महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं को एक सशक्त प्लेटफॉर्म है दिलाने के लिए जिला पंचायत में आजीविका मार्ट शुरू हुआ। शुभारंभ सांसद गुमान सिंह डामोर ने किया। इस अवसर पर सांसद द्वारा स22 लाख 79 हजार रुपए की चक्रीय कोष राशि तथा 24 लाख 75 हजार रुपए की सामुदायिक निवेश निधि का वितरण भी किया गया।

मार्ट में सजावटी सामग्री, साबुन, दालें, अचार, पापड़, गोबर से निर्मित धूपबत्ती, अगरबत्ती, कपड़े के बैग, जैकेट, फिनाइल, सैनिटाइजर, मशरूम इत्यादि विभिन्न सामग्री उपलब्ध होंगी। रूरल मार्ट का संचालन ग्राम करमदी के आजीविका ग्राम संगठन द्वारा किया जाएगा। शहर विधायक चेतन्य काश्यप, जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, राजेंद्र सिंह लूनेरा, संगीता चारेल, कलेक्टर मौजूद थे।

आरिस्त– |

28

## आजीविका रूरल मार्ट का उद्घाटन 28 फरवरी को सांसद डामोर द्वारा किया जाएगा

रतलाम। सांसद गुमान सिंह डामोर 28 फरवरी को जिला पंचायत परिसर में आजीविका रूरल मार्ट का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे आयोजित होगा। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को मार्केट उपलब्ध कराने एवं उनके उत्पादों के विपणन की समुचित व्यवस्था का कार्य रूरल मार्ट करेगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ 03 दिनांक 01/03/2021

## स्वच्छ भारत मिशन-2 अप्रैल से

# देश के सभी शहर ओडीएफ प्लस प्लस, कचरा फ्री होंगे

**इस्तेमाल पानी की हर बूंद ट्रीट होगी, केंद्र से मिलेगी 46 हजार करोड़ की मदद**

धर्मेंद्र सिंह भदौरिया | नई दिल्ली

बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा घोषित किए गए स्वच्छ भारत मिशन (अर्बन) 2.0 की शुरुआत अप्रैल 2021 से होगी। 5 साल चलने वाले इस मिशन में देश के शहरों की सफाई को नए मुकाम पर पहुंचाने का लक्ष्य है। स्वच्छ भारत मिशन-2 में ओडीएफ घोषित होने के बाद अब ओडीएफ प्लस, ओडीएफ डबल प्लस और वाटर प्लस जैसी श्रेणियां अधिक शहरों तक पहुंचाई जाएंगी। केंद्र ने इसके तहत शहरों के लिए 1,41,678 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना बनाई है। आवास और शहरी विकास मंत्रालय के सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने बताया कि 2014 स्वच्छता मिशन को प्रधानमंत्री ने इस लक्ष्य के साथ शुरू किया था कि 2 अक्टूबर 2019 में जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मनाएंगे, तब तक देश पूर्ण रूप से स्वच्छ हो जाएगा। अभी देश के 4,378 शहरों में सिर्फ पश्चिम बंगाल के 12 शहरों को छोड़कर सभी ओपन डिफेकेशन फ्री (ओडीएफ) हो गए हैं। ये 12 शहर भी 31 मार्च तक ओडीएफ मुक्त हो जाएंगे।

शेष | पेज 7 पर

आयुक्त ।

# निगम आयुक्त द्वारा त्रिपोलिया गेट दीनदयाल रसोई केन्द्र व डोंगरे नगर कम्यूनिटी हॉल का निरीक्षण

**दैनिक अवंतिका ● रतलाम**



नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने डोंगरे नगर स्थित नवनिर्मित कम्यूनिटी हॉल व त्रिपोलिया गेट स्थित दीनदयाल रसोई केन्द्र का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

त्रिपोलिया गेट स्थित दीनदयाल रसोई केन्द्र के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि रसोई केन्द्र में भोजन करने आने वाले जरूरतमंद, गरीब व निर्धन व्यक्तियों किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये साथ ही रसोई केन्द्र का षेश कार्य पूर्ण करने के साथ ही साफ-सफाई रखी जाये।

इसके अलावा डोंगरे नगर स्थित नवनिर्मित कम्यूनिटी हॉल के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देषित किया कि कम्यूनिटी हॉल का लोकार्पण किया जाना है इस हेतु कम्यूनिटी हॉल व परिसर की पर्याप्त सफाई का कार्य किया जाये। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री सुश्री दीक्षा निजामपुरकर आदि उपस्थित थे। अवन्तिका -1

# आयुक्त ने त्रिपोलिया गेट, दीनदयाल रसोई केन्द्र व डोंगरे नगर कम्यूनिटी हॉल का निरीक्षण किया



रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने डोंगरे नगर स्थित नवनिर्मित कम्यूनिटी हॉल व त्रिपोलिया गेट स्थित दीनदयाल रसोई केन्द का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। त्रिपोलिया गेट स्थित दीनदयाल रसोई केन्द्र के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि रसोई केन्द्र में भोजन करने आने वाले जरूरतमंद, गरीब व निर्धन व्यक्तियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए, साथ ही रसोई केन्द्र का शेष कार्य पूर्ण करने के साथ ही साफ-सफाई रखी जाए।

इसके अलावा डोंगरे नगर स्थित नवनिर्मित कम्यूनिटी हॉल के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि कम्यूनिटी हॉल का लोकार्पण किया जाना है, इस हेतु कम्यूनिटी हॉल व परिसर की पर्याप्त सफाई का कार्य करें। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री दीक्षा निजामपुरकर आदि उपस्थित थे।

प्रसारण -1